# भरतपुर स्थापना दिवस पर देवनानी ने स्मारिका का विमोचन किया

## भरतपुर के 291 वें स्थापना दिवस पर लोहागढ़ विकास परिषद ने प्रकाशित की स्मारिका



'विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने पुस्तक व स्मारिका का विमोचन किया किया।

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भरतपुर के 291 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका का सोमवार को यहां विधान सभा में विमोचन किया। देवनानी ने ब्रजभाषा के वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल लाल गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक महाभारत भाग दो का भी विमोचन किया। देवनानी ने स्मारिका और पुस्तक प्रकाशन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। भरतपुर जिला शासन-प्रशासन, मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री की थीम पर आधारित स्मारिका में केंद्र एवं राज्य में मंत्री रहे जनप्रतिनिधिगण सहित उच्च न्यायालय, सेना, पुलिस, प्रशासन, वन एवं विदेश सेवा में उच्च पदों पर रहे भरतपुर जिले के मूल निवासियों का संक्षिप्त परिचय संकलित किया गया है। ऐतिहासिक खानवा युद्ध के प्रतिशोध में बीकानेर का राती घाटी युद्ध, श्री राम मंदिर एवं बंसी पहाड़पुर के पत्थर संपदा का अंनूठा इतिहास, डॉक्टर रांगेय राघव के साहित्य सृजन, ईआरसीपी परियोजना इत्यादि आलेखों का भी स्मारिका में समावेश किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, महासचिव डॉ. प्रदीप चर्तुवेदी, कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, संपादन मण्डल के सदस्य, विनोद गेरा, राजेंद्र राज, जगदीश गुप्ता, हरेन्द्र चीमा और अजय नागर उपस्थित थे। स्मारिका के मुख्य पृष्ठ पर लोहागढ़ दुर्ग एवं सुजान गंगा नहर तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का चित्र है। स्मारिका में मुख्यमंत्री पद और भरतपुर के संदर्भ में जगन्नाथ पहाड़िया एवं भजनलाल शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित किया गया है। आरंभ में परिषद के पदाधिकारीयो ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से विधान सभा अध्यक्ष देवनानी का स्वागत किया।

## भारतीय विदेश सेवा के 4 अधिकारी आज करौली में

**करौली** (नि.स.)। अतिरिक्त जिला कंलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जोहान्सवर्ग मे महावाणिज्य दूत महेश कुमार,साओ पोलो मे महावाणिज्य दूत सुश्री मनीषा स्वामी,मिशन के उपप्रमुख भारतीय दूतावास रोम अमराराम गुर्जर एवं नियामी मे राजदूत विदेश मंत्रालय सीताराम मीना अपने स्टेट अटैंचमेन्ट प्रोग्राम के तहत आज मंगलवार व बुधवार को करौली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बैठक लेगे।

उन्होने बताया कि इस दौरान वह जिले के आशान्वित कार्यो के तहत होने वाली प्रगति के संबंध मे संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के समीक्षा बैठक लेंगे।

इस संबंध मे उन्होंने आवश्यक तैयारियों के संबंध मे अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबलीराम जाट को नोडल अधिकारी एवं मुख्य आयोजना अधिकारी प्रकाश मीना को समन्वयक नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है।

उन्होने बताया कि आज मंगलवार को फुलवाडा मे मॉडल आंगनबाडी केन्द्र व हैल्थ व वैलनेस सेन्टर, महात्मा गांधी स्कूल, पॉलीहाउस, कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण करेंगे।

इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिये गये है।

## अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया पर जानकारी दी

**करौली** (नि.स.)। वायुसेना जोधपुर से आए अधिकारी अभिषेक जेसवाल एवं वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी बी एल मीणा ने अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती प्रक्रिया की सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परीता, सायपुर, रघुंवंशी, स्वतंत्रता सैनानी स्वगीय चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली एवं राजकीय महाविद्यालय करौली में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विस्तार से जानकारी दी गई।

भारतीय वायु सेना के अधिकारी सार्जेंट अभिषेक जेसवाल ने बताया कि साढे 17 से 21 वर्ष आयु वाले अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। भर्ती प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंठोजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ ,अंग्रेजी विषय में 50 फीसदी अंक होना जरूरी है या 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी बी एल मीणा ने बताया कि वर्तमान में 08 जुलाई 2024 से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके है।

## सार-समाचार

### 'वृक्षारोपण का प्राथमिकता बनाएं'

**डीग** (निस)। जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज ने कहा कि वृक्षारोपण को जन-जन की प्राथमिकता बनाने के लिए अधिकारी ठाामीण व शहरी क्षेत्रों में पौधा रोपण का कार्य पूर्ण करे एवं वन जल अमृत अभियान के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में अर्जित करे। उन्होंने कहा कि वन जल अमृत अभियान का प्रभारी सचिव वी सरवन कुमार द्वारा भी समीक्षा किया जा चुका हैं। सचिव ने अभियान के तहत जिले में वृक्षारोपण के कार्यों को नियमतर सराहा है। इसे देखते हुए अधिकारी बचे हुए कार्यों को जल्द ही पूरा करे एवं आमजन के बीच भी वृक्षारोपण के लिए जागरूकता पैदा करे ताकि डीग में अधिकाधिक वृक्षारोपण संभव हो सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार डीग को राज्य में वृक्षारोपण में नंबर वन बनाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास की सख़्त आवश्यकता है। आम नागरिकों के लिए वृक्षारोपण सहज बनाने हेतु वन विभाग द्वारा न्यूनतम दरों पर पौधे दिए जा रहे जिसका उपयोग करते हुए आमजन वृक्षारोपण कर सकते है। बैठक में जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, खनिज विभाग, वन विभाग, नगर परिषद नगर पालिका, राजीविका, जलठाहण विकास विभाग एवं उधानिकी विभाग को वन जल अमृत अभियान में अहम भूमिका निभाने को कहा है। जिला रसद अधिकारी को डीग के समस्त गैस एजेंसी में वृक्षारोपण करने को कहा गया है। वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी को भी गौशाला में पेड़ लगाने के समुचित दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा, आरती गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 'बरसात में अधिकाधिक पौधे लगाएं'

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को बरसात में अधिक से अधिक पौधारोपण कर इनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को कार्यालयों की छतों की सफाई एवं वर्षा जलसंठाहण के लिए बने टांकों की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि बरसात के दौरान कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधे लगाये जायें, आमजन को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित करें।

## बाघ-58 का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया



सवाई माधोपुर में बाघ -58 का पोस्ट मार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया ।

**सवाई माधोपुर** । बाघ -58 का आज पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में बाघ की मौत का कारण हार्ट अटैक से होना पाया गया।

बाघ -58 की मौत रविवार शाम को हुई थी। डीएफओ मानस सिंह के अनुसार सोमवार को बाघ का पोर्स्ट मार्टम किया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक से होना पाया गया। सोमवार को प्रशासन की मौजूदगी में बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वन अधिकारी, कर्मचारी व प्रशासन के कार्मिक मौजूद थे

## सरसों चोरी का एक और आरोपी पकड़ा

**भरतपुर** (निस)। सरसों चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को उद्योग नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रिको एरिया से 13 टन सरसों (कीमत 7 लाख रूपये) की थी चोरी। इस मामले में अब तक कुल 3 आरोपियों को गिरफतार किया जा चुका है। 9 जनू 2024 को हरिओम ने एक रिपोर्ट इस आशय कि पेश कि 6 जून को बंसल इण्डस्ट्रीज एण्ड टिकली कटिग उद्योग गोदाम के सुवरवाईजर जोगन्द्रसिंह ने बताया कि गोदाम का ताला टूटा हुआ है। और गोदाम से सरसों गायब है। गोदाम का निरीक्षण करने पर पाया की गोदाम से करीब 13 टन सरसों (कीमत करीब 7 लाख रूपये) गायब मिली। उक्त घटना दिनांक 4-5 जून 2024 के मध्य होना प्रतीत हुई है। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में अज्ञात चारों के विरूद्व थाने पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया था। एएसआई ललित कुमार मय जाप्ता द्वारा बाद अनुसंधान इस मामले में फरार चल रहे आरोपी दारासिंह पुत्र छत्रपाल उम्र 32 साल जाति जाट निवासी हसेला थाना अछनेरा जिला आगरा यूपी को गिरफ्तार किया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली कलश यात्रा



करौली के नर्वदेश्वर महादेव मंदिर एवं महाबली हनुमान मंदिर पर अंगराग, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा से पहले कलश यात्रा निकाली ।

**करौली** (नि.स.) । करौली जिला मुख्यालय स्थित साईनाथ खिडकियां बाहर नर्वदेश्वर महादेव मंदिर एवं महाबली हनुमान मंदिर पर अंगराग,शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के आयोजन गिर्राज प्रसाद तिवाडी एवं तिवाडी, बोहरा परिवार ने बताया कि 8 जुलाई से 12 जुलाई तक नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में षिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाबली हनुमान मंदिर पर अंगराग कार्यक्रम का आयोजन होगा उन्होंने बताया कि विद्वान ज्योतिष पंडित मदन मोहन मेहरा माच वालों के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा कार्यक्रम कराए जाएंगे इससे पूर्व शहर के नगाडखाना दरवाजा स्थित गोपाल जी महाराज के मंदिर से विशाल कलश यात्रा सोमवार को प्राप्त 8:00 बजे निकाली गई। इस दौरान बैंड बाजे की मधुर धुन पर बज रहे भजनों पर युवा नाचते गाते चल रहे थे वहीं महिलाएं सिर पर कलश लिए रंग-बिरंगे परिधानों में मंगल गीत गाते हुए चल रही थी एक ठेले में शिव परिवार की प्रतिमाएं साथ चल रही थी तो वहीं पंडित मदन मोहन महेरा घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। कलश यात्रा शहर के फूटाकोट,सदर बाजार,अनाज मंडी, बड़ा बाजार, साईनाथ खिड़कियां होते हुए महाबली हनुमान मंदिर पहुंची इस दौरान जगह-जगह लोगो ने पुष्प वर्षा व शीतल पेय पिलाकर लोगो का स्वागत किया।

## महाराज बृजेन्द्र सिंह को पुष्पांजलि दी

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के अन्तिम शासक महाराज बृजेन्द्र सिंह की 29वीं पुण्यतिथि पर लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि दी। क्लब की अध्यक्ष डॉ. रंजना तिवारी एवं चार्टर प्रेसीडेंट श्रीनाथ शर्मा ने महाराजा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराजा का जन्म 1 दिसम्बर 1918 को सेवर फोर्ट में महाराजा किशन सिंह एवं माता राजेन्द्र कौर के परिवार में हुआ।

## प्रतियोगिता आयोजित

**भरतपुर ( निस )**। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित 53 वी रीजनल स्पोर्ट मीट 2024 टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 जुलाई को केंद्रीय विद्यालय संख्या 7 जयपुर में हुआ था। जिसमें केंद्रीय विद्यालय भरतपुर के छात्र अभिराज तिवारी ने भाग लिया।

नोटिस हरखास व आम
न्यायालय अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश, क्रम सं.1 हिण्डौन सिटी, राज.
D.No.-798 / 3.7.204
मुत. दीवानी संख्या-7/2024
1. हरकेश आयु 41 साल, पुत्र भबूत्या, निवासी बौल, तहसील टोडाभीम, जिला करौली, हाल जिला गंगापुरसिटी, राज. मोबाईल नं. 8741858254 (2). नारायण आयु 32 साल, पुत्र भबूत्या, निवासी बौल, तहसील टोडाभीम, जिला करौली, हाल जिला गंगापुर सिटी, राज. मोबाईल नं. 9024187194 (3). श्रीमति ललता आयु 39 साल, पुत्री भबूत्या, पत्नि राजसिंह, निवासी सलेमपुर खुर्द, तहसील भुसावर, जिला भरतपुर राज. ---प्रार्थीगण बनाम
1. हरखास आम --- अप्रार्थी
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम बाबत् जारी किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक श्रीमति लच्छो देवी
नोटिस बनाम हरखास आम
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ने इस न्यायालय में अपनी माता लच्छो देवी पत्नि भबूत्या, निवासी बौल, तहसील टोडाभीम, जिला करौली हाल गंगापुरसिटी की मृत्यु के बाद मिलने वाले सभी लाभ-परिलाभ एवं बैंक खाते में जमा राशि एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की राशि को प्राप्त करने व उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने बाबत् आवेदन पेश किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र/आपत्ति हो तो वह माननीय न्यायालय में दिनांक 15-7-2024 को 10एएम बजे स्वयं या अपनी प्लीडर के द्वारा उपस्थित होकर उज्र करें। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा।
अतः यह नोटिस आज दिनांक 3-7-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
(मुहर) आज्ञा से-सीनियर रीडर
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्र.सं.-1 हिण्डौन सिटी

## चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़े

**भरतपुर** (निस)। जिले के सेवर थाना इलाके में देर रात चोरों ने तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने एक साड़ी की दुकान से 1 लाख 40 हजार की नकदी, किराना की दुकान से 20 हजार केश चोरी कर लिया साथ ही एक दुकान की रेकी कर चोर फरार हो गए। चोर एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। तीनों दुकानों के मालिक ने सेवर थाने में शिकायत दे दी है। इस घटना को लेकर व्यापारियों में रोष का माहौल है। सेवर कस्बे के रहने वाले पवन गोयल ने बताया की, मेरे पिता पूरन चंद की सेवर कस्बे के मुख्य बाजार में पूरन किराना स्टोर की दुकान है। सुबह मेरे पिता को कहीं जाना था। सुबह 5 बजे मेरे पिता दुकान के पास बने गैराज से कार निकालने के लिए गए थे। तब उन्होंने देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है। तब मेरे पिता ने दुकान खोलकर देखी तो, दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। गल्ले से 20 हजार रुपये गायब थे। सुबह मौके पर व्यापारी इकट्ठे हो गए। जिसके बाद पता लगा की, चोरों ने पास ही की, सागर साड़ी एम्पोरियम और लख्मी दिनेश नाम की दुकान को भी निशाना बनाया है। तब दोनों दुकानों के मालिक को घटना की सूचना देकर बुलाया गया। सागर साड़ी एम्पोरियम के मालिक दिनेश ने दुकान खोलकर देखी तो, गल्ले से 1 लाख 40 हजार रुपये गायब थे। साथ ही लख्मी दिनेश दुकान के मालिक ने अपनी दुकान को देखा तो, उनकी दुकान से कुछ भी चोरी नहीं हुआ था। चोर तलाशी लेने के बाद उनकी दुकान से चले गए। पवन ने बताया की, एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो, उसमें दो लोग दिखाई दे रहे हैं जो बाइक पर थे।

## विभिन्न कार्यक्रम होंगे

**करौली** (नि.स.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि 27वें जिला स्थापना दिवस 19 जुलाई के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर वर्षा के मौसम को देखते हुए पंचायतीराज, शिक्षा, कृषि, उद्यान, सानिवि, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, वन, विद्युत सहित अन्य विभाग कार्ययोजना बनाकर जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 27 हजार पौधे लगाने के निर्देश दिये है।

## क्रिकेट खिलाड़ियों की ली जायेगी ट्रायल

**करौली ( नि.स. )**। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएषन द्वारा आयोजित किए जाने वाली राज्य स्तरीय कॉल्विन शील्ड एवं डूंगरपुर शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिशन करौली द्वारा 13 व 14 जुलाई को हिंडौन सिटी के खेड़ा स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस में सीनियर एवं अंडर-19 जूनियर क्रिकेट करौली जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि 13 जुलाई को प्रात 8:00 बजे हिंडौन सिटी के खेड़ा स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस में काल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए करौली जिले के सीनियर क्रिकेट खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी जिसमें जिले के क्रिकेट खिलाड़ी अपनी ट्रायल दे सकते हैं। कॉलबिन शील्ड प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, फोटो साथ में लेकर आए।

OFFICE OF GRAM PANCHAYAT FATEHPUR
Panchayat Samiti Masalpur, Distt. Karauli
S-no.-Spl-8 Date-08.07.2024
E-Tender Notice No.- 01/2024-25
E-Tenders are invited for Gram Panchayat Fatehpur, from Firms Registered Under GST Act 2017 in Commercial Tax Department and Experienced Firms/Suppliers/Interested Bonafied Manufacturers/Retail Sellers/Authorized Dealers/Sole Sellers/Marketing Agents for Material Supply of t for MNREGA and Gramin Vikas and All Other ScConstruction Work and Equipment Arrangemenhemes of Panchayati Raj Department for Year 2024-25 till Date 31.03.2025. The details related to this tender can be seen on the website
SARPANCH G.P. FATEHPUR PS MASALPUR, DISTT. KARAULI
VDO G.P. FATEHPUR PS MASALPUR, DISTT. KARAULI

# 73 शाखाओं के प्रबन्धकों की मौजूदगी में ऋण योजनाओं आदि की जानकारी दी

## बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की व्यवसाय समीक्षा बैठक आयोजित




बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की ओर से सोमवार को सवाई माधोपुर क्षेत्र में स्थित 73 शाखाओं के शाखा प्रबन्धकों की बैठक हुई।

**सवाईमाधोपुर**। बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की ओर से सोमवार को सवाई माधोपुर क्षेत्र में स्थित 73 शाखाओं के शाखा प्रबन्धकों के साथ महाप्रबंधक वी.सी.जैन की उपस्थिति में व्यवसाय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं, शाखाओं की मुख्य व्यवसायिक मापदण्डो यथा जमाओं, बकाया अठिामों में वृद्धि, गैर निष्पादित खातों व अतिदेय खातों में वसूली की प्रगति की समीक्षा का रहा।

इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता बैंक के महाप्रबंधक महोदय वी.सी.जैन ने संबोधित किया और शाखा प्रबंधकों को प्रोत्साहित करते हुये सभी प्रमुख व्यवसायिक मापदण्डों में लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आ ्हान करने के साथ-साथ शाखा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक बैंकिंग सेवा पहुंचाने हेतु जोर दिया।

जून तिमाही में प्रमुख व्यवसायिक मापदण्डों में लक्ष्य प्राप्त करने वाली शाखाओं के शाखा प्रबंधको को सम्मानित किया गया। बैंक महाप्रबन्धक महोदय द्वारा उक्त बैठक में उत्कृष्ठ ठााहक सेवा प्रदान करने के क्रम में बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न डिजिटल बैंकिंग सुविधायें यथा मोबाइल बैंकिंग , इन्टरनेट बैंकिंग, रूपे डेबिट कार्ड, बीआरकेजीबी प्रगति क्रेडिट कार्ड, के माध्यम से शत प्रतिशत के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि विकास संबंधी ऋण योजनाओं के साथ-साथ आवास, वाहन, व्यापार आदि संबंधी ऋण योजनाओं से शाखा क्षेत्र के सुदुर ग्रामीण क्षेत्र के पात्र ठााहकों को लाभाविन्त करने का लक्ष्य दिया। बैठक के आरम्भ में महाप्रबंधक महोदय एवं समस्त शाखा प्रबंधकों का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक ए.के.दुग्गल ने वर्ष 2024-25 के प्रथम त्रैमास के दौरान सवाई माधोपुर क्षेत्र द्वारा अर्जित उपलब्धियों एवं कार्य निष्पादन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रतिस्पर्धी युग में उत्कृष्ठ ठााहक सेवा के साथ अपने बैंकिग दायित्वों के निर्वहन का आव्हान किया एवं आभार उप क्षेत्रीय प्रबन्धक इकबाल उस्मानी ने व्यक्त किया।

## श्री मित्र भारत समाज संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

**भरतपुर** (निस)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान का 24वां स्थापना दिवस समारोह स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज व सुशीला कटारा के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवानदास अठावाल पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश केदार लाल गुप्ता थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यश अठावाल उद्योगपति एवं समाजसेवी, ओ.पी.कटारिया पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मूलचंद सैनी जयपुर राष्ट्रीय महामंत्री थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व स्वागत अध्यक्ष पूर्व प्रधान निहाल सिंह थे। सर्वप्रथम स्व. भगवत कटारा संस्थापक व मॉ शारदे के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष कुलदीप कटारा, दीवान सिंह नर्सिंग अधिकारी, सुरजीत सिंह फरसो ने पगड़ी, प्रतीक चिन्ह, उत्तरीय व माला पहनाकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक श्यामसिंह जघीना ने संस्था का प्रतिवेदन पढ़ा व स्व भगवत कटारा संस्थापक के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। हरि चैतन्यपुरी महाराज ने स्व. भगवत कटारा के समाज सेवा के कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए महान संत की उपाधि दी। यश अठावाल ने गरीबों के प्रति समर्पित संस्था पर अपने उद्गार प्रकट किये। इस अवसर पर 11 विभिन्न क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया। जिनमें भूदेव शर्मा, चन्द्रभान माहौर, दिवाकर चौधरी, विष्णु गुप्ता, शंकरलाल शर्मा, प्रियंका देवी, अशोक पाल डागुर, चन्द्रभान चन्द्र आदि को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, दुपट्टा, माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था ने 151 आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को साड़ी वितरित कीं। सभी अतिथियों ने स्व. भगवत कटारा के बारे में कहा कि ऐसे समाजसेवी सदियों में पैदा होते हैं। इस कार्यक्रम में ताराचंद चिचाना, जेनेन्द्र पाराशर समाजसेवी, लालबिहारी शर्मा, राधेलाल बयाना, कुमार शास्त्री बयाना, किरन जैन बयाना व उनकी पूरी टीम, रामकुमार शर्मा नदबई, पदमा कटारा, सौनू उपाध्याय युवा अध्यक्ष, करतार सिंह त्यौंगा, पुरूषोत्तम बन्टू सैनी, दिनेश भारद्धाज, हरिशंकर शर्मा चाकसू, किशोर कटारा, मोहित शर्मा, अंकित जोशी आदि सहित सैंकड़ों गणमान्य उपस्थित थे।

## बधाई दी

**भरतपुर ( निस )**। जिला की सभी आयुर्वेद विभाग की महिला आयुर्वेद चिकित्सा उपनिदेशक डॉक्टर इंदु शर्मा के उपनिदेशक पद ठाहण करने पर उन्हें बधाई एवं उनका स्वागत करने उपस्थित हुई।

इस अवसर पर सभी महिला चिकित्सकों ने अपने कर्तव्य पूर्ण करने की डॉ इंदु शर्मा को पूर्ण विश्वास दिलाया एवं उपनिदेशक शर्मा ने उन्हें अपने कार्य कुशलता समाज की सेवा करने के लिए तत्पर रहने के लिए निर्देशित किया।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली ( राज. )
क्रमांक:-प.1( )स्था/रामक/2024 दिनांक: 08.07.2024
विज्ञप्ति
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के पत्र क्रमांक एफ 1 (02) विद्या सम्बल/आकाशि/गे.फै./दिशा निर्देश/21-00638/पार्ट-1/राजकाज नम्बर 8029676 दिनांक 21 जून 2024 व राजकाज नम्बर 8477046 दिनांक 03.07.2024 एवं राजकाज नम्बर 8692042 दिनांक 05.07.2024 तथा वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 दिनांक 30.03.2021 एवं 07.08.2023 की अनुपालना में निम्नांकित राजकीय महाविद्यालयों की अध्ययन व्यवस्था हेतु बी.ए. पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-प्रथम) एवं. बी.ए. पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर-तृतीय) व बी.ए. पार्ट तृतीय तथा स्नात्कोत्तर के अध्यापन कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित "विद्या संबल-योजना के अन्तर्गत 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी, 2025 अथवा राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी अथवा स्थानान्तरण/कार्यव्यवस्था के तहत शिक्षक उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो हेतु (अधिकतम 24 साप्ताहिक घण्टे के अनुसार) गेस्ट फैकल्टी योजना के अन्तर्गत 800/- रूपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतया अस्थाई) के रूप में निम्नांकित राजकीय महाविद्यालयों में संचालित निम्न विषयों में अध्यान कार्य कराने हेतु दिनांक 13 जुलाई, 2024 सायं 3.00 बजे तक ऑफलाईन माध्यम से सम्बन्धित राजकीय महाविद्यालय में आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।
अध्यापन कार्य कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा निर्धारित प्रथम व तृतीय सेमेस्टर व बी.ए. पार्ट तृतीय एवं स्नात्कोत्तर के लिए किया जाना है।

| विषय | राजकीय महाविद्यालय, | राजकीय महाविद्यालय, करौली मण्डरायल |
|---|---|---|
| इतिहास | - | 1 |
| भूगोल | - | 1 |
| अर्थशास्त्र | - | 1 |
| राजनीतिशास्त्र | - | 1 |
| लोक प्रशासन | - | 1 |
| संस्कृत | - | 1 |
| समाज शास्त्र | - | 1 |
| ई.ए.एफ.एम. | 1 | - |
| ए.बी.एस.टी. | 1 | - |

प्राचार्य